वर्ष-01, अंक-149
छपरा
रविवार, 31 मार्च 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# बीजेपी मेनिफेस्टो कमेटी का ऐलान, राजनाथ अध्यक्ष

## निर्मला सीतारमण को संयोजक बनाया गया, कमेटी में 27 सदस्य



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मेनिफेस्टो कमेटी का ऐलान कर दिया। कमेटी में कुल 27 मेंबर हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संयोजक होंगी। वहीं पीयूष गोयल सह संयोजक बनाए गए। इसके अलावा कमेटी में चार राज्यों के सीएम भी शामिल हैं। मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव, असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल और छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय शामिल हैं। कमेटी में अर्जुन मुंडा, किरेन रिजिजू, अश्विनी वैष्णव, वसुंधरा राजे और स्मृति ईरानी जैसे बड़े नाम शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी ने दो दिन पहले लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राज्यों के चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारी की लिस्ट जारी की थी। इस लिस्ट में 10 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों के नाम शामिल हैं। कुल 18 नाम हैं। जिनमें 10 प्रभारी और 8 सह-प्रभारियों के नाम शामिल हैं।

दिल्ली से ओपी धनखड़ को प्रभारी बनाया गया है। डॉ. अलका गुर्जर को दिल्ली का सह-प्रभारी बनाया गया है। महाराष्ट्र का प्रभार सांसद डॉ. दिनेश शर्मा को सौंपा गया है। साथ ही यहां दो सह-प्रभारी बनाए गए हैं, जिसमें निर्मल कुमार सुराना और जयभान सिंह पवैया के नाम शामिल हैं। बीजेपी की ओर से जारी चुनावी घोषणा पत्र समिति में रविशंकर प्रसाद, सुशील मोदी, विनोद तावड़े, हिमंता विश्वसरमा, किरेन रिजिजु, अश्विनी वैष्णव का भी नाम शामिल है।



# चौ. चरण सिंह समेत चार हस्तियों को मिला भारत रत्न

## आडवाणी को घर जाकर सम्मान देंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिंह राव, चौधरी चरण सिंह, कर्पूरी ठाकुर और एमएस स्वामिनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। बता दें कि पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न दिया जाना है। हालांकि उनकी खराब सेहत और उम्र को देखते हुए रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू खुद उनसे मुलाकात करने उनके आवास पर जाएंगी और यह सम्मान प्रदान करेंगी। बता दें कि केंद्र ने इस साल पांच हस्तियों को भारत रत्न देने का ऐलान किया था। 2014 में नरेंद्र मोदी की अगुआई में भाजपा की सरकार बनने के बाद महामना मालवीय, पंडित अटल बिहारी वाजपेयी, प्रणब मुखर्जी, भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख को सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा जा चुका है।

# सावधान ! अप्रैल-मई में अबकी पड़ेगी भीषण गर्मी

नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसम बिगड़ने वाला है। अप्रैल और मई में तापमान काफी ज्यादा बढ़ने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह अनुमान लगाया है। इसके मुताबिक, आने वाले 2 महीनों में तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। साथ ही लू चलनी भी शुरू हो जाएगी। आईएमडी के सीनियर साइंटिस्ट डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में आज बारिश होने वाली है। उन्होंने राजधानी नई दिल्ली को लेकर भी अलर्ट जारी किया। कुमार ने कहा कि अगले कुछ दिनों में दिल्ली में भारी बरसात हो सकती है। नरेश कुमार से पूछा गया कि इस साल गर्मी में तापमान कितना रहने का अनुमान है। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि इसे लेकर फिलहाल कुछ कहना जल्दबाजी होगी। हालांकि, ऐसा माना जा रहा है कि इस साल गर्मियों में तापमान सामान्य से ज्यादा रहने वाला है। इसके साथ ही अप्रैल और मई में गर्म हवाएं चलनी भी शुरू हो जाएंगी। उन्होंने कहा, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले अप्रैल में टेंपरेचर सामान्य से अधिक रहेगा। इसके साथ ही देश के



सेंट्रल पार्ट में लू का प्रकोप भी देखने को मिलेगा। मौसम वैज्ञानिक ने कहा कि मई इस सीजन का सबसे गर्म महीना रहने वाला है। उन्होंने कहा, उत्तर-पश्चिम और सेंट्रल इंडिया में मई के दौरान तेज लू का सामना करना होगा। शुरुआती तौर पर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले तीन महीने काफी गर्म रहने वाले हैं। इस बीच उन्होंने आने वाले कुछ दिनों में मौसम कैसा रहेगा, इसे लेकर भी जानकारी दी। नरेश कुमार के मुताबिक, एक ताजा वेस्टर्न डिस्टर्बेंस नॉर्थ-वेस्ट इंडिया में अपना असर दिखा सकता है। इसके चलते जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में भारी बारिश होने का अनुमान है। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने कश्मीर घाटी के चार जिलों के ऊपरी इलाकों में अगले 24 घंटों के दौरान हिमस्खलन होने की चेतावनी जारी की है।

# ईडी ने बुलाया और हम चले आए...

## ● दिल्ली के कानून मंत्री कैलाश गहलोत पहुंचे ईडी के दफ्तर ● मनी लांड्रिंग केस में ईडी ने पूछताछ के लिए भेजा था समन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के परिवहन और पर्यावरण मंत्री तथा आम आदमी पार्टी के नेता कैलाश गहलोत शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दफ्तर पहुंचे। उन्हें ईडी ने समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। दिल्ली के कथित शराब घोटाले और मनी लांड्रिंग मामले में ईडी उनसे कुछ सवालों की जानकारी चाहती है। इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं और इस समय ईडी की हिरासत में हैं। उनसे पहले दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह भी गिरफ्तार हो चुके हैं। नजफगढ़ से आम आदमी पार्टी के विधायक गहलोत (49) मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं। कैलाश गहलोत ने ही विवादास्पद आबकारी नीति का ड्राफ्ट तैयार किया था। सूत्रों ने कहा कि गहलोत को मामले में पूछताछ के लिए उपस्थित होने और धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को तैयार करने और धन शोधन से जुड़ा है।

# 1,800 करोड़ के बाद कांग्रेस को मिले दो और नोटिस

## ● 'कर आतंकवाद' का नाम लेकर आईटी और मोदी सरकार पर बरसी कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि पार्टी को 1,800 करोड़ रुपये से अधिक का ताजा टैक्स नोटिस मिलने के एक दिन बाद 'कल रात' आयकर विभाग (इनकम टैक्स) से दो और नोटिस मिले हैं। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा, कल रात हमें दो और नोटिस भेजे गए। जयराम रमेश ने कहा, देश की विपक्षी पार्टी पर कर कर अतंकवाद से हमले किए जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी को निशाना बनाया गया है। हमें कल रात को दो और नोटिस मिले हैं। कल जब हम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे तब तक चार नोटिस मिले थे। कल रात दो और मिल गए हैं। आज मैं नहीं जानता कितने नोटिस आएंगे। अभी तक तो (सीताराम) केसरी जी के जमाने के ही नोटिस आए हैं। इससे पहले शुक्रवार को, कांग्रेस ने कहा कि उसे आयकर विभाग से नए नोटिस मिले हैं, जिसमें उसे लगभग 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया है।



# अब पंजाब की मान सरकार पर भड़के किसान

## अमृतसर में खोल दिया एएपी के खिलाफ मोर्चा

**अमृतसर (एजेंसी)।** केंद्र की मोदी सरकार से अपनी मांगों को मनवाने को लेकर किसान अब भी हरियाणा की सीमा पर डटे हुए हैं। वहीं अमृतसर में किसानों ने अब राज्य की भगवंत मान सरकार के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक शनिवार को अमृतसर के गोल्डन गेट के पास किसानों ने भगवंत मान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और उनके पुतले फूंके। वहीं मौजूद किसान नेता ने कहा कि उनका आंदोलन मोदी सरकार के खिलाफ तो चल ही रहा है लेकिन वह भगवंत मान सरकार की तानाशाही से भी लड़ेंगे। पूरा मामला मार्केट कमेटी से जुड़ा हुआ है। किसानों का कहना है कि भगवंत मान सरकार ने 26 मार्केट कमेटियों को भंग करने का फैसला किया है जो कि किसानों और मजदूरों के खिलाफ है। एक किसान ने कहा, आज किसान मंजदूर संघर्ष कमेटी भगवंत मान सरकार की अर्थी चला रही है क्योंकि भगवंत मान सरकार ने किसानों की पीठ पर छुरा घोंपा है।

# निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी को जन्मदिन पर बधाइयों का तांता



**दैनिक खोज खबर/अमनौर (सारण)।** सारण के निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रूडी के जन्मदिन के पर भाजपा प्रदेश महामंत्री जगरनाथ ठाकुर ने उनके अमनौर आवास पर पहुंच बधाइयां दी और शाल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने भी बाबा हरिहरनाथ मंदिर का प्रसाद खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी और श्री रूडी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। विधायक मंटू सिंह ने भी बुके देकर जन्मदिन की बधाई दिया।इस अवसर पर कौशल किशोर बबलू सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे। दूरभाष पर छपरा विधायक डॉ. सीएन गुप्ता, जिलाअध्यक्ष रंजीत सिंह, महामंत्री धर्मेन्द्र शाह, दीपक सिंह,जय सिंह, नकुल सिंह, संटू सिंह, अल्ताफ राजू ने भी दूरभाष पर बात कर के जन्मदिन की बधाई दी । शनिवार को अमनौर आवास पर जन्मदिन की बधाई देने वाले का तांता लगा रहा। सभी लोगो को श्री रूडी ने इस प्यार स्नेह के लिए धन्यवाद दिया।



# डब्ल्यूजेएआई का कई स्तरों पर विस्तार, कार्यकारिणी की बैठक में सदस्यों को दी गई नई जिम्मेवारियां



**दैनिक खोज खबर/पटना।** शनिवार को वेब जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन आफ इण्डिया ( डब्ल्यू जे ए आई ) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की विस्तृत बैठक में संगठन का कई स्तरों पर विस्तार किया गया. कई सदस्यों को नई जिम्मेवारी दी गई तो, कई नए पद सृजित कर भी सदस्यों को जिम्मेवारी सौंपी गई ताकि संगठन का कार्य सुचारू रूप से चल सके.दर्जन भर से अधिक नए सदस्य भी मौके पर ही एसोसिएशन में जोड़े गए.डब्ल्यू जे ए आई के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द कौशल की अध्यक्षता और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉलीना व तकनीकी समिति के अध्यक्ष लव सिंह की मौजूदगी में शनिवार को होटल मैत्रेय इन में यह बैठक संपन्न हुई.मधुप मणि पिक्कू को राष्ट्रीय सचिव, ( बिहार प्रभारी ) की जिम्मेदारी दी गई, तो अकबर इमाम को कार्यालय सचिव की.रविशंकर शर्मा व चन्दन राज राष्ट्रीय संयुक्त सचिव बनाये गए.कार्यालय सचिव की सहायता के लिए सह सचिव का पद सृजित कर राम बालक रॉय को यह जिम्मेवारी दी गई.वही कोषाध्यक्ष की सहायता के लिए सह कोषाध्यक्ष का पद सृजित कर मनोकामना सिंह को यह जिम्मेवारी दी गई.रविशंकर शर्मा व चन्दन राज राष्ट्रीय संयुक्त सचिव बनाये गए, जबकि अभिषेक कुमार सिंह को संगठन मंत्री का पद दिया गया.संगठन का सतत विस्तार करना इनका प्रुमख कार्य होगा.बिहार प्रदेश इकाई में भी विस्तार करते हुए सुमन केशव सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है.सुमन केशव सिंह वरिष्ठ पत्रकार के साथ ही नवभारत टाईम्स डिजिटल के बिहार प्रभारी भी हैं.उन्हें संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है.बैठक में अक्टूबर 2023 में आयोजित वेब मीडिया सम्मिट के आय व्यय का ब्यौरा कोषाध्यक्ष मंजेश कुमार ने प्रस्तुत किया.डब्ल्यू जे ए आई की प्रमुख इकाइयाँ वेब जर्नलिस्ट्स स्टैण्डर्ड ऑथॉरिटी ( डब्ल्यू जे एस ए ) व वेब जर्नलिस्ट्स टेक्निकल कमेटी ( डब्ल्यू जे टी सी ) के विस्तार पर भी चर्चा हुई. इंजीनियर कुमार मयंक को डब्ल्यू जे टी सी में नए सदस्य के तौर पर मनोनीत किया गया.डब्ल्यू जे ए आई द्वारा नियमित तौर पर वार्षिक समारोह, कार्यशाला, व उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया.नए व पुराने सदस्यों को नए आई कार्ड जारी करना भी सुनिश्चित किया गया.राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ लीना ने मोहम्मद मंजर सुलेमान, दीपक कुमार, पंकज कुमार, महफूज आलम, मनीष कुमार, अरुण कुमार, सुजीत कुमार, चन्द्र मोहन सिंह समेत सभी नए सदस्यों को संगठन की सदस्यता दिलाई.नये सदस्यों के परिचय के साथ ही बैठक का समापन हुआ.संगठन विरोधी गतिविधियों के लिए सूरज कुमार( मनेर ) को संस्था से बर्खास्त कर दिया गया.मौके पर कोषाध्यक्ष मंजेश कुमार, राष्ट्रीय सचिव विवेक यादव व सूरज कुमार, राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मिथिलेश मिश्रा, बिहार प्रदेश अध्यक्ष बालकृष्ण व प्रदेश कोषाध्यक्ष रीता सिंह, समेत दर्जनों सदस्य मौजूद रहे।



# जिला पदाधिकारी के द्वारा लोक शिकायत के 15 मामलों की सुनवाई करते हुए किया गया समाधान

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** जिलाधिकारी अमन समीर के द्वारा शनिवार को कार्यालय कक्ष से बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील में शिकायतों की सुनवाई की गई और शिकायत का निवारण किया गया।जिला पदाधिकारी के द्वारा आज लोक शिकायत के कुल 15 मामलों की सुनवाई की गई जिसमें 10 मामलों पर अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया तथा शेष 05 मामलों में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली तिथि पर लोक प्राधिकार को उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी अमन समीर ने कहा कि लोक शिकायतों का ससमय तथा गुणवत्तापूर्ण निवारण अत्यावश्यक है। लोक प्राधिकारों को तत्परता प्रदर्शित करनी होगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें।

# तबला वादक प्रिंस व गायक अमित जयपुर में हुए सम्मानित, क्षेत्रीय लोगों ने दी बधाई



**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** राजस्थान भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी द्वारा रणबंका मैरेज गार्डन, सिरसी रोड जयपुर में आयोजित होली मिलन समारोह में बिहार के सारण जिले के प्रख्यात तबला वादक प्रिंस पांडेय व आरा( भोजपुर ) जिले के मडनपुर निवासी भोजपुरी के प्रसिद्ध गायक अमित उपाध्याय को सम्मानित किया गया। भोजपुरी क्षेत्र के इन कलाकारों ने अपनी कला से जयपुर में भोजपुरी संस्कृति की पहचान रखी। नगर पंचायत एकमा बाजार के भरहोपुर में संचालित संकटमोचन संगीत महाविद्यालय के संचालक मंडल में शामिल प्रिंस ने अपने तबला वादन से तो अमित उपाध्याय ने आपनी गायकी से जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में समां बांधा। जिसकी खूब प्रशंसा की गई। उधर इन लोक कलाकारों के सम्मानित होने पर माकपा नेता कामरेड अरुण कुमार, समाजसेवी डॉ सत्यदेव प्रसाद यादव, शिक्षक डॉ शशिभूषण शाही, कमल सिंह, उपेंद्र कुमार यादव, गुरुकुल पब्लिक स्कूल के निदेशक रतन सिंह, रिद्धि सिद्धि सेंट्रल स्कूल के निदेशक राकेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी, पत्रकार वीरेंद्र कुमार यादव, रामेश्वर गोप, केके सेंगर, मोतीचंद प्रसाद, प्रशांत भारती आदि ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# मशरक बीआरसी में विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों की एक दिवसीय ट्रेनिंग आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सभी प्राथमिक, प्रारंभिक , उच्च एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मास्टर ट्रैनर अभिजीत कुमार और रामाशंकर साहनी द्वारा सभी प्रधान शिक्षक और सहायक शिक्षकों को ई शिक्षाकोष के विषय पर जानकारी दी गयी। ई शिक्षाकोष पर विद्यालय प्रोफाइल और छात्र छात्राओं का प्रोफाइल को एक से 15 अप्रैल तक अपने विधालय के यूजर आईडी एवं पासवर्ड से प्रशिक्षण में सभी विद्यालयों की नये पुराने विधार्थियों की कार्यान्वित पठन पाठन को लिंक के माध्यम से वेबसाइट को ओपन करें और विद्यालय प्रोफाइल के लिए यूजर आईडी विद्यालय का यू डायस कोड एवं पासवर्ड और विद्यालय के नये पुराने विधार्थियों का प्रोफाइल ( यूजर आईडी- विद्यालय प्रधान उपलब्ध कराएंगे एवं अपने डाटा को अद्यतन कर दिया जाए। बताया गया कि डांटा भरने के समय शिक्षक अपने विद्यालय के विधार्थियों का नाम नहीं छुटे ,इस पर ध्यान दें। किसी प्रकार की समस्या हो तो प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी/ लेखा सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर से संपर्क किया जा सकता है । मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी, रहमत अली, बीआरपी संजीव कुमार, ट्रेनर अभिजीत कुमार, रामाशंकर साहनी विधावती कुमारी सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# महापुरुष का झंडा उतारने के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**छपरा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत एकमा बाजार के हेकाम गांव निवासी प्रिंस सिंह को एकमा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार बीते मंगलवार को हेकाम गांव में एक महापुरुष के झंडे को हटाने व फाड़ने की सूचना पूर्व मुखिया सुनरदेव राम के द्वारा पुलिस प्रशासन को दी गई थी। सूचना पाकर मौके पर एसडीपीओ एकमा, अंचल पुलिस इंस्पेक्टर, एकमा थानाध्यक्ष, एकमा बीडीओ व सीओ सहित भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पहुंचे थे। जहां पर उत्पन्न तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने पूर्व मुखिया सुनरदेव राम व आसपास के लोगों से मामले की जानकारी लेने के बाद तत्काल अपनी सूझबूझ से वारदात को तूल पकड़ने से रोकते हुए मामले को नियंत्रित किया था। वहीं मामले में सुनरदेव राम के द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन पर एकमा थाने में संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसके बाद से एकमा पुलिस द्वारा आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई। इसी कड़ी में एक आरोपित की गिरफ्तारी कर जेल भेज दिया गया है।

## सभी रक्तदाता सही मायने में हैं समाज के नायक: डॉ चंद्रेश्वर सिंह

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)?** रक्तदाता ही सही मायने में समाज के नायक हैं, जो वैसे लोगों की जान बचाते हैं जिन्हें खून की आवश्यकता होती है। उक्त बातें रेड क्रॉस सोसाइटी सारण के चेयरमैन सह डी0आई0ओ ने सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में शनिवार को कही। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के कई आयाम है। लेकिन रक्तदान न केवल समाज सेवा है बल्कि सबसे बड़ा दान है।रेड क्रॉस सोसायटी के सदस्य अमन राज ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से अस्पताल में पर्याप्त ब्लड की उपलब्धता सुनिश्चित करने में काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसमें रेड क्रॉस सोसाइटी के युवा इकाई का अहम योगदान है।वहीं युवा इकाई के प्रभारी भुनेश्वर कुमार ने कहा कि रक्तदान करने से न केवल हम लोगों की जान




बचाने में अपना योगदान करते है बल्कि उस व्यक्ति के साथ खून का रिश्ता जोड़ लेते है। रक्तदान करने वाले में भुनेश्वर कुमार,राहुल प्रजापति, ऋतिक राज,सूरज चौधरी,विकास कुमार,सूरज गुप्ता अन्य ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में रेड क्रॉस युवा इकाई के सदस्य प्रणव,पीयूष कुमार का महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बैगलेस शनिवार में स्कूली बच्चों को सिखाए गए आपदा से बचाव के तरीके

## शिक्षा समिति के सचिव ने वितरण किया पाठ्य सामग्री



**परसा(सारण)।** नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय परसा मथुरा में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन को लेकर सुरक्षित शनिवार,बैगलेस शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वर्ग शिक्षिका संजू कुमारी सरोज ने बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आपदा के पूर्व एवं आपदा के पश्चात होने वाली क्षति को कम करने या बचने के तरीके से बच्चों को लैस कराना है।प्राकृतिक आपदा या मानव जनित आपदा इत्यादि के घटित होने से जैविक एवं अजैविक संसाधनों का काफी नुकसान होता है।प्रभारी प्रधानाध्यापक बबीता कुमारी ने बताया आपदा प्रबंधन की आवश्यकता आपदा के पूर्व एवं पश्चात होने वाली क्षति को कम करने या बचने से संबंधित है।विद्यालय स्तर पर आपदा प्रबंधन समिति गठित कर जागरूकता फैलाना इसका उद्देश्य है।बैगलेस शनिवार कार्यक्रम के तहत बेकार सामग्री से अधिगम उपस्कर तैयार करना तथा घरेलू उपयोग एवं अन्य खिलौने बनाने के लिए इस्तेमाल में लाने के तरीके पर चर्चा की गई।गर्मी के दिनों में धूप से होने वाले नुकसान एवं धूप से बचाव पर चर्चा की गई। इसमें किसी दुर्घटना के उपरांत पीड़ित को प्राथमिक उपचार देने के तरीके को मॉकड्रील कर बताया गया।वही इसके उपरांत विद्यालय शिक्षिका संजू कुमारी सरोज के प्रयास से शिक्षा समिति के सचिव गुड़िया कुमारी ने वर्ग एक के बच्चों को पाठ्य सामग्री बांटी।जिसमें किताबें, कापी,पेंसिल, रबर, पेन और पेंसिल्स कलर शामिल थे।उन्होंने कहा कि असहाय व गरीबों का सहयोग करने से किसी की भी आर्थिक व शारीरिक क्षमता में कमी नहीं आती है बल्कि आर्थिक खजाने में वृद्धि तो होती ही है साथ ही शारीरिक क्षमता में भी बल की वृद्धि होती है।मौके पर वर्ग शिक्षिका संजू कुमारी सरोज,प्राचार्य बबिता कुमारी, डिम्पल कुमारी,शिक्षा समिति के सचिव गुड़िया देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# एक पैर के सहारे उदय ने 16500 फीट ऊंची चोटी पर लहराया तिरंगा

## सारण के लाल उदय कुमार ने रचा इतिहास



**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** आज दुष्यंत कुमार की 'कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं होता। एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों।' इन पंक्तियों को सारण के उदय कुमार ने चरिचार्थ किया है।मात्र एक पैर के सहारे 91 प्रतिशत दिव्यांगता वाले उदय कुमार ने कंचनजंघा नेशनल पार्क स्थित रेनाक पहाड़ पर 16,500 फीट ऊँची चोटी पर चढ़कर तिरंगा लहराया है। रेनाक की चोटी पर चढ़कर तिरंगा लहराने वाले उदय कुमार सम्भवतः पहले दिव्यांग हैं। उदय कुमार के इस विश्व रिकॉर्ड पर हिमालयान माउंटेनियरिंग इंस्टिट्यूट (एचएमआई) ने प्रसन्नता जाहिर किया है। उदय के इस उपलब्धि से पूरा सारण जिला गौरवांवित महसूस कर रहा है। इस पर्वतारोहण के लिए 5 मार्च से ही उदय यात्रा पर हैं। उदय की इस सफलता में एचएमआई के ग्रुप कैप्टन जय किशन, सूबेदार महेन्द्र कुमार यादव, रौशन गहतराज, हवलदार आमिर गुरुंग, क्षितिज राय, दीपेन्द्र थापा, करण राय, प्रताप लिम्बु एवं बिनॉय छेत्री की महती भूमिका है। ग्रुप कैप्टन जय किशन ने उदय को बधाई देते हुए बताय कि यह सफलता पूरे विश्व के समक्ष एक प्रेरणा है।

मालूम हो कि मैराथन मैन उदय सारण जिला के बनियापुर प्रखण्ड अन्तर्गत बाडोपुर गाँव के निवासी हैं और कलकत्ता में रहकर निजी कम्पनी में काम करते हैं, जिससे उनके परिवार का बहुत मुश्किल से भरण-पोषण हो पाता है। विदित हो कि उदय के पिता केदार ठाकुर कोलकाता में ही रेलवे ट्रैक के किनारे फुटपाथ पर साधारण सैलून खोलकर हजामत का काम करते थे। उदय पढ़ने में होनहार थे और उनके पिता उन्हें पढ़ाना भी चाहते थे लेकिन घर की माली हालत देखकर उदय को मैट्रिक के बाद कम उम्र में ही काम पकड़ना पड़ गया और मात्र 14 वर्ष आयु में ही साल 2012 में उदय की शादी भी हो गई। शादी के अगले ही साल उनके बीमार पिता भी चल बसे। खैर, पत्नी की प्रेरणा से उन्होंने बारवहीं तक की शिक्षा पूरी की। अक्टूबर, 2015 की वह रात उनके लिए सबसे काली रात थी, जिसने उनका एक पैर छीन ली। दरअसल उदय दशहरा की छुट्टी के बाद छपरा से कोलकाता अपने काम पर लौट रहे थे। बलिया-सियालदह एक्सप्रेस कोलकाता शहर में प्रवेश कर गई थी, कुछ ही देर में सियालह स्टेशन पर उदय उतरने वाले थे कि गेट के पास बेसिन-नल का प्रयोग करते समय उनका पाँव फिसल गया और वे बुरी तरह जख्मी हो गये, जिसके बाद डॉक्टरों को उनका एक पैर काटना पड़ गया है और वे सदा के लिए 'वन लेग उदय' बन गये। आज इसी नाम से वे अपनी पहचान बना चुके हैं। 'वन लेग उदय' नाम से उन्होंने यूट्युब चैनल बनाकर पाँच सौ से अधिक मोटिवेशनल वीडियो अपलोड कर चुके हैं। रेल दुर्घटना में बेटे के पैर गंवाने के बाद उनकी माँ पूरी तरह टूट गई और 2018 में वे भी चल बसीं।उदय कुमार बताते हैं कि दुर्घटना के बाद मैं बहुत टूट गया था और एक दिन तो आत्महत्या भी करने जा रहा था लेकिन फंदे पर झूलने ही वाला था कि अचानक कहीं से बेटा आ धमका। उन्होंने आगे कहा कि मैराथन में मुझे जीने की उम्मीद मिलती है । इसीलिए मैं कम वेतन होने के बावजूद भी वर्किंग डे को 'नो वर्क, नो पेमेंट' पर छुट्टी मैराथन में भाग लेने जाता हूँ। अब तक देश के दर्जनों शहरों में करीब 100 मैराथनों में भाग ले चुका हूँ और हर मैराथन में अपने साथ तिरंगा रखता हूँ। इस बार कंचनजंघा पर्वत पर तिरंगा लहराना मेरे लिए जिवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है, इसके लिए मैं ग्रुप कैप्टन जय किशन के प्रति आभारी हूँ। विधान पार्षद डॉ वीरेंद्र नारायण यादव, एकमा विधायकश्रीकांत यादव, जेपीयू के सेवानिवृत्त राजनीति विज्ञान विभागध्यक्ष डॉ. लालबाबू यादव, जगलाल चौधरी महाविद्यालय, छपरा के अस्सिटेंट प्रो डॉ.दिनेश पाल, डॉ.संदीप कुमार यादव, समाजसेवी डॉ सत्यदेव प्रसाद यादव, राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव, सुधांशु रंजन, पत्रकार के के सिंह सेंगर, संजय पांडेय, वीरेंद्र कुमार यादव, प्रो अजीत कुमार सिंह सेंगर, शिक्षक डॉ शशिभूषण शाही, डॉ विद्याभूषण श्रीवास्तव आदि ने उदय कुमार को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## प्रखंड शिक्षक पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** मढ़ौरा के प्रखंड शिक्षक का राजनितिक कार्यक्रम में शामिल होना भारी पड़ गया। मामले में फोटों वायरल होने पर आचार संहिता उल्लंघन का एक मामला दर्ज कराया गया है। बताया गया है कि लोकसभा आम निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मढ़ौरा प्रखंड अंतर्गत टेहटी में पदस्थापित प्रखंड शिक्षक राकेश प्रसाद के विरुद्ध जनप्रतिनिधीगण के राजनीतिक गतिविधि के अवसर पर उपस्थित रहने की शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत की जांच मढ़ौरा अंचल पदाधिकारी के द्वारा करके जांच रिपोर्ट दी गई थी । सरकारी सेवक के रूप में उनका आचरण प्रभावी आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर शिक्षक राकेश प्रसाद के विरुद्ध मढ़ौरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## हादसे को दावत दे रहा दरवाजे पर लटका रहा बिजली का तार

**लहलादपुर (सारण)।** जनता बाजार थाना क्षेत्र के पंडितपुर गांव टोले कटहरी स्थित राजेंद्र यादव के मकान के दरवाजे से होकर गुजरने वाला बिजली का नंगा तार हर समय हादसे को दावत दे रहा है। बताया गया है कि यह तार जानलेवा बन गया है तथा कभी भी किसी का जान ले सकता है। राजेंद्र यादव ने बताया कि कई बार बिजली मिस्त्री तथा जेई से आग्रह कर दरवाजे से तार हटाने को कहा, मगर अभी तक तार नहीं हटाया गया.जबकि उनके घर की महिला को दो बार करेंट मार चूका है। जान की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए यादव के दरवाजे से लटका हुआ बिजली के तार का सुधार करना आवश्यक हो गया है।

# नगर निगम का कचरा बस्ती के समीप गिराने पर ग्रामीणों का विरोध-प्रदर्शन प्रदर्शन



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** अमनौर प्रखंड के कटसा चौक के समीप अरना कोठी फॉर्म में आधा दर्जन गांवों के समीप 25 किलोमीटर दूर से छपरा नगर निगम का कचरा गिराए जाने के विरोध में शनिवार को सैकड़ों ग्रामीण स्थल पर पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों में सरपंच रामप्रवेश ठाकुर, रमेश प्रसाद सिंह, संजीव कुमार सिंह, विकास राय, नवीन सिंह, शैलेंद्र सिंह, राजीव कुमार, चंदन सिंह, ओम प्रकाश सिंह,धर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार,कामेश्वर तिवारी ने प्रदर्शन के दौरान यह आरोप लगाया कि छपरा नगर निगम के अधिकारी मनमाने तरीके से मानपुर, रामचक,कटसा, मदारपुर,संदलपुर, गोछी छपरा, शोभेपुर गांव के बीच में अरना कोठी की जमीन पर कई वर्षों से छपरा शहर में जमा नगर निगम का कचरा 25 किलोमीटर दूर से गाड़ी पर उठाकर डंप किया जाने लगा है। ग्रामीणों ने बताया कि हम लोग शांतिपूर्ण तरीके से अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। दर्जनों गांव के युवा बदबू और मक्खियों से परेशान होकर कभी-कभी उग्र हो जाते हैं मगर कुछ बुद्धिजीवी लोगों को यह विश्वास है कि कचरा से होने वाली दिक्कत व बीमारी को देखते हुए जिला प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधि उनका ख्याल करते हुए यहां कचरा गिरवाना बंद कर देंगे। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि चार महीने से घनी बस्ती के समीप कचरा गिराया जा रहा है इसको लेकर राज्य व जिला स्तरीय अधिकारियों स्थानीय सांसद व विधायक तक को आवेदन देकर या मिलकर गुहार लगा चुके हैं। मगर सभी जनप्रतिनिधि व अधिकारी अब तक का आश्वासन देने के साथ उनका किसी तरह का कोई मदद नहीं किए हैं। जिसके कारण आधा दर्जन गांवों के सभी वोटरों ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने का भी ऐलान कर दिया है। सभी प्रमुख चौक चौराहों पर ग्रामीणों ने सांसद विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों को गांव में वोट मांगने के लिए नहीं आने का गुहार तक लगा चुके हैं। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीण शहर का कचरा गांव में नहीं गिराओ, एकजुट होकर वोट का बहिष्कार करो नारा लगाते हुए करीब एक घंटे तक प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने यह भी कहां की अगर जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधि इस पर कड़ा एक्शन नहीं लेते हैं तो आगे बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। बता दे कि जिस जगह पर कचरा गिराया जा रहा है उसके समीप ही माही नदी है जो सीधे गंगा नदी से मिलती है। वह पूरा इलाका बाढ़ ग्रस्त है बरसात के मौसम में चार महीने तक पानी जमा रहता है। जिससे ग्रामीण और चिंतित है की बाढ़ व बारिश का पानी जमा होने के बाद आसपास के गांव के सभी घरों तक यहां का पानी घुसता है जिसके कारण महामारी का रूप ले लेगा।

# परमानंदपुर बालू घाट पर छापामारी में 32 वाहन जप्त

## 11 ट्रक चालक व उप चालक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर थाना क्षेत्र के परमानंदपुर के रहीमपुर डोमवा घाट से सोनपुर एसडीओ कुमार विवेक निशांत विवेक, सीडीपीओ नवल किशोर के नेतृत्व में बालू माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 31 ट्रक एवं 1 लोडर को जप्त किया गया है मौके पर ट्रक चालक व उप चालक सहित कुल 11 लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया ।इस कार्रवाई के दौरान सोनपुर थानाध्यक्ष राजनंदन के अलावे खान निरीक्षक के साथ-साथ बड़ी संख्या पुलिस के जवान भी शामिल थे ।इस कार्रवाई से बालू माफियाओ में हड़कंप मचा हुआ है। काफी दिनों से पुलिस प्रशासन को सूचना मिल रही थी कि डोमवा घाट पर बालू माफियाओं द्वारा प्रतिदिन बालू के अवैध कारोबार किया जा रहे हैं। उसी को लेकर बालू माफिया के खिलाफ स्थानीय पुलिस प्रशासन ने यह कार्रवाई किया है। इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष राजनंदन ने शनिवार को बताया कि जप्त ट्रक एवं बालू माफियाओ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया की जा रही है। इस करवाई में गिरफ्तार किया गया जिसमे ट्रक चालक व उप चालक का नाम इस प्रकार है ।1- ट्रक 10 चक्का पंजीयनसंख्या-उट01क्ष्ठ-8179 के चालक धर्मेन्द्र कुमार राय पे0 सत्यनारायण राय सा0 परसौना महुआ बेला थाना परसा जिला सारण तथा 2- उपचालक कुन्दन कुमार पे0 अमीर राय सा0+थाना सदर हाजीपुर जिला वैशाली 3-ट्रक 10 चक्का पंजीयन संख्या-उट25क्क-9535 के चालक अमीर राय पे0 स्व0 भोला राय सा0 भनुआ थाना सदर हाजीपुर जिला वैशाली, 4-ट्रक 12 चक्का पंजीयन संख्या-उट33क्ष्ह-6640 के चालक राजकुमार सहनी पे0 मोहन सहनी ग्राम कलवारा वार्ड न0-07 थाना सिंघवारा एवं 5-उपचालक मो0 सरफे आलम पे0 मोहम्मद मुस्तफा ग्राम कलवारा वार्ड न0-08 थाना सिंघवारा दोनों जिला दरभंगा, 6- ट्रक 12 चक्का पंजीयन संख्या-उट01क्क्ख-2701 के चालक मंजय पासवान पे0 किशोर पासवान सा0 कुशदेह थाना लालगंज जिला वैशाली तथा 7-उपचालक अमरेन्द्र कुमार पे0 राजेश पासवान ग्राम चकलामदीन थाना बेलसर जिला वैशाली, 8- ट्रक 12 चक्का पंजीयन संख्या-उट31क्ष्ठ-9574 के चालक वकील राय पे0 चन्द्रिका राय तथा 9-उपचालक दीपक कुमार पे0 रामजीत राय दोनों ग्राम परसौना महुआ टोला थाना परसा जिला सारण तथा 10- ट्रक 10 चक्का पंजीयन संख्या-उट31क्क्ए-2440 के चालक सुनील राय पे0 लच्छु राय सा0 पुरखौली वार्ड न005 थाना लालगंज जिला वैशाली एवं 11- उपचालक अनिल पासवान पे0 अशोक पासवान ग्राम पो0- कुशदेह थाना लालगंज जिला वैशाली के रहने वाला है ।



## मशरक थाना में लगा जनता दरबार, पहुंचे फरियादी

**दैनिक खोज खबर /मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर में शनिवार को भूमी संबधी विवादों के निपटारे को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों के मामले अंचल बड़ा बाबू रवि कुमार और थाना पुलिस अरूण सिंह ने सुनवाई की। मामले में बताया गया कि पहले से 23 मामले लंबित थें जिन पर सुनवाई की गयी पर विपक्षी के नहीं पहुंचने से अगले जनता दरबार में निपटारा किया जाएगा। एक नया मामला दर्ज कराया गया जिस पर सुनवाई करते हुए निष्पादन कर दिया गया।

# वार्षिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** बी के ज्ञान स्थली रसूलपुर सुतिहार में एक समारोह आयोजित कर वार्षिक परीक्षाफल में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।इस मौके पर कम्प्यूटर कक्ष का उद्घाटन पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय,डेरनी थानाध्यक्ष रिंकी कुमारी,राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया।आगत अतिथियों का स्वागत भाषण स्कूल के निदेशक बबन कुमार पटेल ने किया।

समारोह में स्कूल की टॉपर परिधि कुमारी के साथ-साथ जिया रानी,आशिया प्रवीण, मयंक कुमार, सौम्या कुमारी,प्रिंस कुमार,अथर्व दीक्षित,शिवकुमार महतो,शौर्य प्रताप,रूदल कुमार,सृजन, अंशु कुमारी, रूबिना प्रवीण, श्रेया कुमारी को अंक पत्र,मेडेल से पुरस्कृत किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने कहा कि बच्चों के बीच वैज्ञानिक सोच पैदा करने की जरूरत है।बिना पढें हुए आप पास नहीं हो सकते।देश पिछड़ने का एक कारण है वैज्ञानिक सोच का पैदा न होना।उन्होंने कहा कि बच्चे दिन रात विज्ञान की बातों को सोचें।समय हमेशा परिवर्तन होते रहता है।समय भी रासायनिक परिवर्तन है। डेरनी थानाध्यक्ष रिंकी कुमारी ने कहा कि मेहनत करने वालों को सफलता निश्चित रूप से मिलती है।बच्चे जब पढ़कर शिक्षित होगें तभी देश व समाज का विकास होगा।परिश्रम का फल मीठा होता है इसलिए इमानदारी व लगन के साथ पढ़ाई कर अपने माता-पिता व गांव का नाम रोशन करें।पत्रकार राजेश उपाध्याय ने कहा कि मानव के चतुर्दिक विकासार्थ जिन कारकों की बुनियादी आवश्यकताएं हैं उसमें शिक्षा एक महत्वपूर्ण व आवश्यक कारक है।आज शिक्षा को सामाजिक सरोकार से जोड़ने की आवश्यता है।समारोह को मुख्य रूप से बी के ज्ञान स्थली के निदेशक बबन कुमार पटेल,राजेश उपाध्याय,सत्येन्द्र सत्यार्थी,भूपेंद्र राय,प्राचार्य मुन्ना कुमार सिंह,अभिराम प्रसाद सिंहमो निजाम,सोनू कुमार,रंजीत कुमार,अर्जुन,गुड्डी कुमारी आदि ने संबोधित किया।अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय व मंच संचालन सुभाष कुमार ने किया।






# मशरक बीआरसी में विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों की एक दिवसीय ट्रेनिंग आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सभी प्राथमिक, प्रारंभिक , उच्च एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मास्टर ट्रैनर अभिजीत कुमार और रामाशंकर साहनी द्वारा सभी प्रधान शिक्षक और सहायक शिक्षकों को ई शिक्षाकोष के विषय पर जानकारी दी गयी। ई शिक्षाकोष पर विद्यालय प्रोफाइल और छात्र छात्राओं का प्रोफाइल को एक से 15 अप्रैल तक अपने विधालय के यूजर आईडी एवं पासवर्ड से प्रशिक्षण में सभी विद्यालयों की नये पुराने विधार्थियों की कार्यान्वित पठन पाठन को लिंक के माध्यम से वेबसाइट को ओपन करें और विद्यालय प्रोफाइल के लिए यूजर आईडी विद्यालय का यू डायस कोड एवं पासवर्ड और विद्यालय के नये पुराने विधार्थियों का प्रोफाइल ( यूजर आईडी- विद्यालय प्रधान उपलब्ध कराएंगे एवं अपने डाटा को अद्यतन कर दिया जाए। बताया गया कि डांटा भरने के समय शिक्षक अपने विद्यालय के विधार्थियों का नाम नहीं छुटे ,इस पर ध्यान दें। किसी प्रकार की समस्या हो तो प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी/ लेखा सहायक और डाटा एंट्री ऑपरेटर से संपर्क किया जा सकता है । मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी, रहमत अली, बीआरपी संजीव कुमार, ट्रेनर अभिजीत कुमार, रामाशंकर साहनी विधावती कुमारी सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# बनियापुर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, निष्पक्ष चुनाव प्राथमिकता

**दैनिक खोज खबर/बनियापुर (सारण)।** आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही क्षेत्र में पुलिस प्रशासन चुस्त दुरुस्त दिख रही है। बनियापुर और सहाजितपुर थानाक्षेत्र में भयमुक्त माहौल कायम करने के लिए पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों को निडर होकर निष्पक्ष मतदान करने की अपील की। अधिकारियों ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर लोगों से लोकसभा चुनाव में शांति स्थापित करना, अपराधिक गतिविधियों की स्थानीय थाने में सूचना देना, किसी भी प्रकार का हथियार लेकर सार्वजनिक स्थानों पर नहीं घूमने, आचार संहिता की पालना और लोकसभा चुनाव में भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर देशभर में 16 मार्च से आचार संहिता लागू हो चुकी है। सहाजितपुर थानाध्यक्ष जीत मोहन कुमार ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में लोकसभा चुनाव की तैयारी और रुकावट डालने वाले बदमाशों के प्रति कड़ी कार्रवाई का संदेश देना है। इधर, बीडीओ कर्पूरी ठाकुर ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन किया जाएगा। पर्याप्त मात्रा में स्पेशल फोर्सेज को लोकसभा क्षेत्र में तैनात किया जाएगा। साथ ही जहां अतिसंवेदनशील बूथ है वहां एरिया डॉमिनेशन एक्सरसाइज कराई जाएगी। निष्पक्ष चुनाव कराए जाने पर पूरा फोकस किया जाएगा। पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से जिले के सभी सीमाओं पर चेक नाका व एफएसटी की टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग शुरू की जाएगी। ताकि अवैध तरीके से चुनाव में बाधा उतपन्न करने वाला बस्तु जिले में नहीं लाया जा सके।



## गाली गलौज और मारपीट मामले में एसटी-एससी के तहत मामला दर्ज

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के पुर्णाडीह में आपसी विवाद में गाली गलौज और मारपीट मामले में एसटी, एससी अधिनियम के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दयालपुर निवासी सूरज कुमार के आवेदन पर छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सूरज कुमार के लिखित आवेदन पर एसटी,एससी मामले में पुर्णाडीह निवासी अशोक पांडेय सहीत 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि पीड़ित अपने माता गीता देवी के साथ सरसों की कटाई करने गया था। जब बोझा लेकर वह घर वापस लौट रहा था तो नामित लोगों ने उसे घेरकर गंदा-गंदा और जाति सूचक गाली गलौज किया। इस दौरान सभी ने मारपीट कर जख्मी कर दिया।

## पशु चोर बाइक छोड़ हुए फरार, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के सेमरी बथानी टोला में भैस और गाय चोरी कर ले जा रहें चोर पशुपालक के जगने पर घबराकर बाइक छोड़ खड़ी पिक अप में बैठ फरार हो गए। मौके पर थाना पुलिस को सूचना दी गई पुलिस बाइक को जप्त कर जांच पड़ताल कर रही है। पशुपालक लगनदेव साह और तेजलाल साह ने बताया कि उनके दरवाजे से पहले गाय खोल लिया गया था और भैस खोला जा रहा था कि उसी दौरान नींद खुल गई तों जब हल्ला मचाते हुए पीछा किया गया तों वे खड़ी पिक अप में बैठ फरार हो गए जिसका नम्बर पुलिस को उपलब्ध कराया गया है। पशु चोरों की बाइक वहीं पर छूट गई थी जो पुलिस ने जप्त कर ली है। मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि यदि पुलिस जांच पड़ताल करें तों पशु चोरों के बड़े गैंग का खुलासा हो सकता है। आपकों बता दें कि थाना क्षेत्र में पशु चोरों की घटनाओं से पशुपालक दहशत में हैं।

## मशरक में जमीनी विवाद में मारपीट में एक घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के चैनपुर चमरिया गांव में जमीनी विवाद में शनिवार को मारपीट में एक युवक घायल हो गया। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया, जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया। घायल युवक स्वर्गीय बसावन साह का पुत्र महेन्द्र कुमार साह है। घायल युवक ने थाना पुलिस को आवेदन दिया।

## मशरक थाना परिसर में 2325 लीटर शराब का हुआ विनष्टीकरण

**दैनिक खोज खबर/(सारण)।** मशरक थाना परिसर में भारी मात्रा में अंग्रेजी और देशी शराब का विनष्टीकरण किया गया। थानाध्यक्ष धनंजय राय ने बताया कि विभिन्न कांडों में जप्त 2251 लीटर देशी और 73 लीटर अंग्रेजी शराब का विष्टीकरण किया गया जो न्यायलय के आदेशानुसार सीओ सुमंत कुमार और थाना पुलिस की मौजूदगी में की गयी।

# पंचतत्व में विलीन हुआ जवान अर्जुन का शव, लोगों ने नम आंखों से दी विदाई

## शहीद जवान का शव पहुंचते ही परिजनों में मचा चीख-पुकार, माहौल हुआ गमगीन

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** नेवी के जवान का पार्थिव शरीर तरैया पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिजनों के चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया जिससे उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गई। तरैया निवासी मुंबई नेवी कैंट में पदस्थापित नेवी के पेटी ऑफिसर अर्जुन कुमार सिंह की बुधवार को मॉर्निंग वाक के दौरान हृदयगति रुक जाने से मौत हो गई थी। मुंबई से नेवी के चीफ पेटी ऑफिसर चंदन कुमार चौहान ने पटना दानापुर आर्मी कैंट के जवानों के साथ शहीद जवान के पार्थिव शरीर लेकर शुक्रवार को तरैया उनके पैतृक गांव पहुंचे। इसके पूर्व तरैया के दर्जनों नौजवानों ने तिरंगा झंडे के साथ भारत माता की जयकारा लगाते पचौड़र में शहीद जवान के पार्थिव शरीर को रिसीव किए तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने शहीद के शव आने की सूचना मिलते ही पचौड़र बाजार से दलबल के साथ शहीद के शव के साथ उनके घर तक पहुंचे। शहीद के शव पहुंचते ही एक झलक देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सेना के जवानों ने ताबूत खोलकर शहीद जवान के शव को परिजनों व अन्य लोगों को दिखाया। सेना के जवानों, परिजनों व जनप्रतिनिधियों ने एक-एक कर पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किया। उसके बाद शहीद की शवयात्रा तिरंगे के साथ भारत माता व जब तक सूरज चांद रहेगा, अर्जुन तेरा नाम रहेगा के नारे के साथ निकाली गई। सेना के जवानों ने गंडक नदी के तट पर दी अंतिम सलामी शहीद सेना के जवान अर्जुन कुमार का अंतिम संस्कार पानापुर थाना क्षेत्र के सारणपुर डाक बंगला गंडक नदी तट पर किया गया। अंतिम संस्कार के मौके पर आर्मी कैंट दानापुर पटना से आये जवानों ने अग्नि देने के पूर्व अंतिम सलामी दी। अंतिम सलामी के मौके पर मातमी धुन व गोलियों की तड़तड़ाहट से गंडक नदी तट गूंज उठा। शहीद की शवयात्रा में शामिल हुए जनप्रतिनिधि शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित व श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा शवयात्रा में दर्जनों जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व नौजवान शामिल हुए। तरैया प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, जिप सदस्य हरिशंकर सिंह उर्फ हरि सिंह, डॉ त्रिलोकीनाथ सिंह, मुखिया प्रतिनिधि शैलेंद्र राम, नेवी के लैंडिंग जवान आकाश चौरसिया, सरपंच प्रतिनिधि मेघनाथ मांझी, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि मंटू सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विपिन कुमार, गुड्डू कुशवाहा, वार्ड सदस्य अवनीश सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधि शामिल थे। शहीद के परिजन शव के इंतजार में 48 घंटे से बेसुध पड़े हुए थे। शहीद के शव के साथ शहीद की पत्नी मधु सिंह, अबोध दो वर्षीय पुत्र अभिनव तथा शहीद के बड़े भाई विजय सिंह व अजय सिंह बदहवास स्थिति में पहुंचे। इधर, शहीद की वृद्ध मां मनोरम कुंवर, बहन पुष्पा, भाई डॉ त्रिलोकीनाथ सिंह, अखिलेश सिंह, सोनू सिंह, चाचा पारस सिंह, बहादुर सिंह, अमरनाथ सिंह, डॉ रंजीत सिंह समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिजनों को ढांढस व सांत्वना देने में लगे हुए थे।

## 28 लीटर शराब व बाइक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** चैनपुर थाना की पुलिस ने शुक्रवार की शाम माधवापुर चट्टी के समीप वाहन चेकिंग के दौरान 28800 लीटर शराब तथा बाइक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सिसवन निवासी संदीप प्रजापति के रूप में हुई है। चैनपुर थानाध्यक्ष श्रवण पाल ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध प्राथमिकी कर जेल भेज दिया गया है।

## वारंटी गिरफ्तार, जेल

**हसनपुरा(सिवान) :** एमएच नगर थाना की टीम ने शुक्रवार की शाम एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई के बाद शनिवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी पियाउर निवासी शौकत अली है है।

## आधा दर्जन मामले का निष्पादन

**सिवान :** हुसैनगंज एवं बड़हरिया थाना परिसर में शनिवार को भूमि विवाद निपटारा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें करीब आधा दर्जन मामले की सुनवाई की गई। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना परिसर में सीओ दिव्य प्रकाश व थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव की देखरेख में आयोजित शिविर में चार आवेदन में तीन मामले का निष्पादन किया गया जबकि बड़हरिया थाना परिसर में सीओ सरफराज एवं थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में तीन मामले का निष्पादन किया गया। इस मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## बाइक चोरी की प्राथमिकी

**बसंतपुर (सिवान) :** प्रखंड मुख्यालय स्थित जनता कांप्लेक्स से 24 मार्च को एक व्यक्ति की बाइक चोरी कर ली गई। इस मामले में बाइक मालिक बैजूबरहोगा निवासी हर्पित सिंह ने शुक्रवार को अज्ञात के विरुद्ध थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## तीन वारंटी गिरफ्तार

**आंदर (सिवान):** स्थानीय थाने की टीम ने अलग-अलग गांव में छापेमारी कर तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में नारायणपुर निवासी हीरालाल यादव, गड़ार निवासी सिंघासन साह एवं चंदन साह शामिल है।

## दावत ए इफ्तार का आयोजन

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** प्रखंड के बड़कागांव में शुक्रवार की शाम दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में रोजेदार समेत अन्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर भोजपुरी फिल्म के कलाकार विकास सिंह उर्फ वीरप्पन, पत्नी प्रिया सिंह, फजले आलम आदि उपस्थित थे।

## बोलेरो चोरी की प्राथमिकी

**रघुनाथपुर (सिवान) :** प्रखंड मुख्यालय स्थित भगवान गोड़ के आवास से शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने बोलेरो की चोरी कर ली। घटना की जानकारी शनिवार की सुबह हुई। काफी खोजबीन के बाद बोलेरो का कहीं पता नहीं चला। इस मामले में वाहन मालिक भगवान गोड़ ने शनिवार को थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि अपने आवास के समीप रघुनाथपुर-बंगरा मुख्य सड़क के किनारे प्रतिदिन की तरह गाड़ी खड़ी कर सो गया था जिसे चोरों ने चोरी कर ली। इस संबंध थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**गुठनी (सिवान) :** थाना क्षेत्र के करेजी गांव के समीप गुठनी-मैरवा मुख्य मार्ग पर शनिवार की देर शाम ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बसुहारी निवासी राजीत राम के पुत्र गोरेलाल राम के रूप में हुई है।

स्वजनों ने बताया कि गोरेलाल राम रिश्तेदारी में जाने की बात कह अपनी बाइक से घर से निकला था तभी करेजी गांव के समीप गुठनी-मैरवा मुख्य मार्ग पर सामने से आ रही ट्रक से धक्का लगने से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच उसे इलाज के लिए अस्पताल लाई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## रसोईया को गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

**दारौंदा (सिवान) :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी में शनिवार को एमडीएम बीआरपी कुंदन कुमार द्वारा रसोइयों को गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान भोजन बनाने के पूर्व साफ-सफाई संबंधित कई जानकारी दी गई। रसोइयों को किचन, बर्तन, पानी आदि साफ रखने की जानकारी दी गई। इस दौरान रसोइयों को भोजन के प्रबंधन एवं संचालन के गुर सिखाए गए। इस मौके पर रसोइया शैल कुंवर, शारदा देवी, हसीना खातून, धर्मनाथ माली आदि उपस्थित थे।

## शिक्षक के निधन पर शोकसभा का आयोजन दी गई श्रद्धांजलि

**दारौंदा (सिवान) :** प्रखंड के रामा छपरा स्थित नया प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक राजीव कुमार शर्मा का निधन शनिवार की सुबह हृदयगति रुकने से हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही विद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इंदिरा कुमारी के नेतृत्व में विद्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि वे 2022 में नया प्राथमिक विद्यालय में योगदान किए थे। शोक सभा में शिक्षिका नीलम कुमारी, मिक्की कुमारी समेत काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## शिक्षक के निधन पर स्वजनों के रोने से माहौल हुआ गमगीन

**हसनपुरा (सिवान) :** एमएच नगर थाना क्षेत्र के पुरैना निवासी कृष्ण कुमार शर्मा के पुत्र राजीव कुमार शर्मा का निधन शनिवार की सुबह हो गया। उनके निधन पर स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतक की पत्नी पूजा देवी समेत अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। स्वजनों के अनुसार उनकी शादी 2016 में हुई थी। उन्हें दो पुत्री तथा एक पुत्र है। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।

## बीएलओ ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**दारौंदा ( सिवान) :** प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों एवं गांवों में शनिवार को बीएलओ द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाताओं का मतदान के महत्व को समझाते हुए लोकसभा चुनाव को ले 25 मई को होने वाले मतदान में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्र से मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। इसके तहत ग्रामीणों को निष्पक्ष मतदान के लिए जागरूक किया गया। इससे पहले विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्रों में मेंहदी एवं रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही ईवीएम से मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बीएलओ भीम कुमार, मिथिलेश तिवारी, विजय कुमार यादव आदि ने बताया कि प्रखंड के 130 मतदान केंद्र के बीएलओ द्वारा स्वीप कोषांग के कार्यक्रम के अनुसार मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

## लोकसभा चुनाव को ले बीएलओ को दिए गए कई निर्देश

**महाराजगंज (सिवान):** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को बीडीओ डा.रवि रंजन की अध्यक्षता में बीएलओ की बैठक हुई। इस दौरान मतदान को शत प्रतिशत कराने के लिए बीएलओ को कई दिशा निर्देश दिए गए। बीडीओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि कहीं किसी मतदान केंद्र पर किसी प्रकार की शिकायत यदि मिलती है तो संबंधित बीएलओ से कारण पृच्छा पूछा जाएगा। उन्होंने कहा कि बीएलओ यह सुनिश्चित कर लें कि उनके मतदान केंद्र पर चुनाव आयोग का जो आदेश निर्गत है उसका अक्षरशः पालन हो रहा है कि नहीं।

# रास्ते पर बाउंड्री निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

## सूचना मिलने के बाद सीओ और थानाध्यक्ष ने की जांच शुरू

**दैनिक खोज खबर/गुठनी (सीवान)।** गुठनी प्रखंड मुख्यालय स्थित गुठनी पश्चिम में शनिवार की दोपहर स्थानीय ग्रामीण में थाना परिसर में जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि दलित टोला को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर गांव के ही श्रीकांत राम द्वारा अतिक्रमण कर बाउंड्री चलवा दिया गया। जिससे रास्ता पूरी तरह बंद हो गया है। वहीं आने जाने में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप था कि आरोपी द्वारा खड़ंजे और पीसीसी पर पहले दीवाल नहीं बनाया गया था। लेकिन दो दिनों के अंदर पीसीसी सड़क के बीचो-बीच उसने दीवाल खड़ा कर दिया। शनिवार को थाना परिसर में लगे जनता दरबार में पहुंचे सैकड़ो लोगों ने का थानाअध्यक्ष और सीओ के समीप मामले को गंभीरता से उठाया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे सीओ विकास कुमार और थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने मामले की जांच जांच किया। बावजूद आरोपी द्वारा अतिक्रमण न हटाने की बात अधिकारियों के समक्ष भी की गई। जिस पर ग्रामीणों में और भी आक्रोश बढ़ गया। ग्रामीणों का कहना था कि इस तरह के अतिक्रमण के खिलाफ स्थानीय प्रशासन की उदासीनता से ही विवाद बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप था कि आरोपी द्वारा खुलेआम अधिकारियों के समक्ष धमकी दिया जा रहा था। लेकिन स्थानीय प्रशासन आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं कर पाया। ग्रामीणअतिक्रमण न हटने पर आंदोलन करने की भी बात कर रहे थे। सीओ विकास कुमार का कहना है की मौके पर जाकर मामले की जांच की गई है। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा।



# दोहरे हत्याकांड से जुड़े चील्हमरवा गोली कांड मामले में नामजद माले के दो विधायक रिहा

## अभियुक्तों को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए रिहा करने का आदेश पारित कर दिया



**परवेज अख्तर/सिवान।** दोहरे हत्याकांड से जुड़े बहुचर्चित चील्हमरवा गोली कांड मामले में नामजद भाकपा माले के दो विधायकों सत्यदेव राम एवं अमरजीत कुशवाहा सहित कुल आठ अभियुक्तों को अदालत ने दोष मुक्त करते हुए बरी करने का आदेश पारित कर मामले का पटाछेप कर दिया।अपर जिला न्यायाधीश तृतीय सह विशेष अदालत एमपी एमएलए न्यायाधीश नरेंद्र कुमार की अदालत ने शनिवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए उभय पक्षों की उपस्थिति में सभी अभियुक्तों को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए रिहा करने का आदेश पारित कर दिया। रिहाई के पश्चात माले विधायकों के साथ अन्य अभियुक्त में भी काफी खुशी का माहौल देखा गया। समर्थक पहले से ही सिविल कोर्ट परिसर में पहुंच गए थे तथा रिहाई के पश्चात माले विधायकों की माला पहनाकर स्वागत किया। मामले में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक रघुवर सिंह तथा बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार तिवारी एवं पटना से आए सहयोगी अधिवक्ताओं ने बहस किया, जबकि सूचक की ओर से अधिवक्ता सुभाष्कर पांडेय, राजेश कुमार सिंह एवं सह अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता नागेंद्र कुमार मिश्रा ने बहस किया।

# भारत फाइनेंस के कैशियर से नौ लाख की लूट

## बदमाशों ने कैशियर के मुंह पर मिर्चा पाउडर छिड़क दिया घटना को अंजाम

**परवेज अख्तर/सिवान।** मैरवा थाना क्षेत्र के मझौली चौक- मैरवा धाम सड़क मार्ग में प्राणगढ़ी के निकट स्थित भारत फाइनेंस एंक्लेजर लिमिटेड के कैशियर से शनिवार को बदमाशों ने नौ लाख रुपये लूट लिए। इस घटना में क्षेत्र में दहशत का माहौल कायम हो गया।बताया जाता है कि भारत फाइनेंस एंक्लेजर लिमिटेड के कैशियर मनीष कुमार शाखा प्रबंधक संतोष कुमार के साथ बैग में रुपये लेकर कुछ दूर स्थित बैंक आफ इंडिया में जमा करने जा रहा था। इस दौरान मझौली चौक- मैरवा धाम सड़क मार्ग में प्राणगढ़ी के समीप एक बदमाश बाइक पर पीछे बैठे कैशियर के आंख में मिर्च पावडर छिड़क रुपये भरा थैला छीन लिया और पूरब की ओर फरार हो गया। शाखा प्रबंधक ने शोर मचाते हुए उसका पीछा किया। उन्होंने बताया कि रुपया का थैला लेकर बदमाश सड़क से उत्तर की तरफ खेत भाग गया। इसके बाद उन्होंने अपनी कंपनी के वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी। बाद में थाना को फोन कर सूचित किया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार साह और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत प्रताप सिंह वहां पहुंच घटना की जानकारी ली। पुलिस पदाधिकारियों ने शाखा प्रबंधक और उनके कैशियर से पूछताछ की बाद में आसपास के दुकानों मे लगे सीसी कैमरे के फुटेज को देखकर बदमाश की पहचान की कोशिश की। शाखा प्रबंधक ने लूट की घटना की जानकारी देते हुए बताया कि रुपया का थैला छीनने वाला व्यक्ति मुंह बांधे हुए था और काला चश्मा लगाए था। इस कारण उसे पहचान नहीं सका, लेकिन दूर तक उसका पीछा करने की कोशिश की। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार साह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पहुंच आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। उन्होंने कहा कि प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बदमाश की पहचान होते ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बदमाशों ने बाइक लूटने के दौरान युवक को मारी, रेफर

**महाराजगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के रिसौरा में शुक्रवार की रात्रि बदमाशों ने बाइक लूटने के दौरान एक युवक को गोली मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के गजियापुर निवासी हदीस मियां के पुत्र जलालुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि जलालुद्दीन अंसारी शुक्रवार की रात अपनी बाइक से गोरेयाकोठी के हुस्सेपुर अपने रिश्तेदार के यहां जा रहा था। इस दौरान लूट की घटना को अंजाम देने के लिए महम्मदा गांव से ही एक बाइक पर सवार तीन बदमाश उसका पीछा करना शुरू किए। बदमाश जलालुद्दीन को रोकने का प्रयास कर रहे थे। इस क्रम में जलालुद्दीन अनहोनी की घटना को भांपते हुए बाइक की गति बढ़ाकर भागने लगा। तभी रिसौरा गांव के समीप बदमाशों ने पीछे से फायर कर दिया। गोली जलालुद्दीन के पीठ के बगल में लगी। गोली लगते ही जलालुद्दीन कुछ दूर आकर गिर पड़ा। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गए तथा घायलावस्था में उसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराए जहां से चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया तथा सदर अस्पताल से पीएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, थानाध्यक्ष रत्नेश कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों से घटना की जानकारी ली तथा मामले की छानबीन में जुट गए। स्वजनों ने बताया कि जलालुद्दीन की शादी चार मई को होनी है। इसकी तैयारी चल रही है। इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।

## बदमाशों की गोली से घायल के स्वजन चिंतित, पीएमसीएच में चल रहा इलाज

सिवान। भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के महम्मदा पंचायत के गजियापुर निवासी हदीस मियां के पुत्र जलालुद्दीन अंसारी को शुक्रवार की रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने शुक्रवार की रात बाइक लूटने में असफल होने गोली मारकर घायल कर दिए थे। घायल का इलाज पीएमसीएच में चल रहा है जहां स्थिति नाजुक बनी हुई है। इस घटना के बाद स्वजन काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। इस घटना के बाद स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे हैं। घायल युवक के पिता ने बताया कि उनका पुत्र जलालुद्दीन शुक्रवार की देर शाम बाइक से अपनी मां हसन तारा को बुलाने अपने रिश्तेदार हुस्सेपुर जा रहा था। इस दौरान महाराजगंज थाना क्षेत्र के रिसौरा गांव के समीप बदमाशों ने उन्हें रोकने का संकेत दिया। अनहोनी की आशंका होने पर वह भागने लगा तभी बदमाशों ने उस पर गोली चला दी और मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि जलालुद्दीन दो बहन व चार भाई है। वह चार भाइयों में तीसरा है। वह बेंगलुरु में पाइप फिटर का काम करता था। उसकी तबीयत खराब होने पर कुछ दिन पूर्व घर आया था। उनका कहना है कि हमलोगों को किसी से दुश्मनी नहीं है। बदमाश बाइक लूटने के लिए घटना को अंजाम दिए हैं।

## विद्यालयों में कक्षा पांच व आठ के बच्चों का प्रगति पत्र का वितरण

**दारौंदा (सिवान) :** प्रारंभिक सरकारी विद्यालयों में शनिवार को कक्षा पांच व आठ के बच्चों का वार्षिक मूल्यांकन परीक्षाफल अभिभावकों के बीच साझा किया गया। इस संबंध में बीईओ शिवजी महतो ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार विद्यालयों में शिक्षक-अभिभाव बैठक आयोजित कर वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम अभिभावक के समक्ष साझा किया गया। इस दौरान उत्तर पुस्तिका को संबंधित बच्चों के अभिभावक को लौटा दिया गया। बीईओ ने बताया कि कक्षा पांच एवं आठ की उत्तर पुस्तिकाओं की जांचोपरांत प्राप्त परीक्षाफल का संधारण प्रगति पत्रक एवं सतत व्यापक मूल्यांकन पंजी का संधारण कार्य पूरा कर लिया गया है। इस मौके पर सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## बीडीओ ने सेक्टर पदाधिकारियों को प्रतिशत बढ़ाने का दिया निर्देश

**भगवानपुर हाट (सिवान) :** प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन में शनिवार को बीडीओ कुमार विशाल की अध्यक्षता में सेक्टर पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वोट प्रतिशत बढ़ाने पर चर्चा की गई। बीडीओ ने सभी सेक्टर पदाधिकारियों व बीएलओ से चुनाव में मतदान का प्रतिशत हर हाल में बढ़ाने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए आप सभी को विभिन्न बिंदुओं पर काम करनी होगी। उन्होंने वैसे मतदाताओं की पहचान करने का निर्देश बीएलओ को दिया जो किसी कारण से उपस्थित नहीं हो, मृत हो गए हों अथवा अन्यत्र रह रहे हों वैसे मतदाताओं का नाम एक प्रपत्र में देने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर चुनाव के दिन मूलभूत सुविधा जैसे पेयजल, शौचालय, सड़क, बिजली, रैंप, सफाई आदि पर चर्चा की। वहीं थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने कहा कि कमजोर वोटरों को मतदान के लिए जागरूक करना हम सभी का काम है। पुलिस प्रशासन कमजोर मतदाताओं में सहयोग में हमेशा तत्पर रहेगी। बैठक में प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी प्रवीण भास्कर, बीईओ श्रवण कुमार, कृषि समन्वयक राकेश कुमार, प्राणनाथ उपाध्याय, बबलू मिश्र, विशाल कुमार आदि उपस्थित थे।

## बीडीओ ने आवास सहायकों को दिए कई निर्देश

**दारौंदा (सिवान) :** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को बीडीओ सूर्यप्रताप सिंह सेंगर की अध्यक्षता में आवास सहायकों की बैठक हुई। इस दौरान बीडीओ ने आवास संबंधित कार्य कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना को लेकर सभी लाभुक को पहली किस्त एवं किसी- किसी को दूसरी किस्त आरटीजीएस के माध्यम से दी जा चुकी है, लेकिन लाभुक द्वारा आवास निर्माण पूर्ण नहीं कराया गया है। उन्होंने आवास सहायकों को लक्ष्य के मुताबिक आवास पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य में किसी प्रकार की कोताही या शिथिलता बरतने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ लाभुकों द्वारा आवास की राशि लेकर आवास निर्माण में आनाकानी की जा रही है, ऐसे लोगों को चिह्नित कर नोटिस भेजा जाएगा। इसके पश्चात अगर कार्य शुरू नहीं किया तो उनके विरुद्ध राशि वसूलते हुए विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आवास सुपरवाइजर को प्रखंड के सभी पंचायतों में जाकर समय सीमा के अंदर आवास पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में बंटी कुमार, उमेश कुमार पंडित, राजेश कुमार, अनंत कुमार आदि उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव को ले क्षेत्र में चर्चा का बाजार गर्म

**सिसवन (सिवान) :** जिले में छठे चरण में 25 मई को लोकसभा चुनाव होना है। इसको शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव कराने के लिए जहां प्रशासन जुटा हुआ है वहीं चुनाव को लेकर आमलोगों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। इसको लेकर चाय-पान की दुकान समेत अन्य चौक-चौराहों पर ग्रामीण चर्चा करते नजर आ रहे हैं। इसमें कोई केंद्र सरकार के कार्यों की सराहना कर रहा है तो उसमें कमियां निकाल रहा है। इस दौरान चैनपुर बाजार स्थित आंबेडकर चौक पर ग्रामीण लोकसभा चुनाव को ले चर्चा करते दिखे। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि मतदान करना हम सभी का अधिकार है। एक मतदान से प्रत्याशियों का जीत-हार संभव है। मतदान को ले सभी को जागरूक होना चाहिए। सभी ने मतदान के दिन अपने चहेते व योग्य प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का निर्णय लिया तथा आसपास के लोगों को भी जागरूक होने की बात कही। इस मौके पर व्यवसायी शंभू प्रसाद, शमीम अहमद, अवधेश यादव, अजीत उपाध्याय, मनोज कुमार, दीपक प्रसाद, रमेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

## सुरक्षित शनिवार के तहत बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

**हुसैनगंज (सिवान) :** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हबीबनगर में शनिवार को मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा (सुरक्षित शनिवार) कार्यक्रम के तहत नोडल शिक्षक राजेश कुमार द्वारा बच्चों को स्वच्छता की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को स्वच्छता के महत्व तथा गंदगी से होने वाले बीमारी से संबंधित बच्चों को जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देते हुए बच्चों से कहा कि कभी खाली पेट नहीं रहें, पानी की बोतल हमेशा अपने साथ रखें, साफ कपड़ा पहने एवं स्वच्छ भोजन करें। अपने नाखून, मुंह, शरीर तथा आसपास सफाई पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक व्यास प्रसाद, शंभू शरण चौधरी, सरोज कुमारी, अलगू बैठा, मैनेजर यादव, बसंत कुमार पर्वत, तुषार सिंह, अमरेंद्र कुमार, फिजिकल शिक्षक वाल्मीकि कुमार ओझा, विष्णु यादव आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# ट्रक व बाइक में टक्कर, बाइक सवार युवक की मौत

**दैनिक खोज खबर/गुठनी (सीवान)।** गुठनी थाना क्षेत्र के गुठनी मैरवा मुख्य मार्ग पर करेजी गांव के समीप शनिवार की देर शाम अनियंत्रित होकर बाइक ट्रक से टकरा गई। जिसमे थाना क्षेत्र के बसुहारी गांव निवासी युवक की मौत हो गई। मृतक बसुहारी गांव निवासी राजित राम का 26 वर्षीय पूत्र गोरेलाला राम था। परिजनों की माने तो शनिवार को गांव से रिश्तेदारी में जाने की बात कहके घर से निकला था। तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर करेजी गांव के समीप ट्रक से टकरा गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे खून से लथपथ हालत में सड़क से उठाया। और उसे गंभीर हालत में पीएचसी पहुंचाया। जहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष बिकास कुमार सिंह, एसआई गणेश चौहान एसआई रामचरित राम ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया। पुलिस का कहना था की घटना की सूचना उसे परिजनो को दे दी गई है। परिजनो के लिखित आवेदन पर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजेगी। पुलिस परिजनो के आने का इंतजार कर रही है।



## आंगनबाड़ी केंद्रों पर हुआ टीएचआर का वितरण

**दारौंदा (सिवान) :** प्रखंड की विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर शनिवार को सूखा राशन (टीएचआर) का वितरित किया गया। इस दौरान अनाज का सही व सुचारु ढंग से वितरण हो इसके लिए सीडीपीओ उषा सिंह की देखरेख में वितरित किया गया। इस दौरान अनाज का सही व सुचारु ढंग से वितरण हो इसके लिए सीडीपीओ की ओर से सभी एलएस को विशेष निर्देश जारी किया गया था। सीडीपीओ ने बताया कि सभी केंद्रों पर चावल, दाल तथा सोयाबीन का वितरण किया गया।ज्ञात हो कि आंगनबाड़ी केंद्रों में 40 कुपोषित, दो अतिकुपोषित बच्चा, आठ गर्भवती महिला तथा आठ धातृ महिला को अनाज दिए जाने का प्रावधान है। इस क्रम में कुपोषित प्रति बच्चा को दो किलो 500 ग्राम चावल, एक किलो 250 ग्राम दाल तथा 500 ग्राम सोयाबीन, अतिकुपोषित बच्चा को तीन किलो 750 ग्राम चावल, एक किलो 750 ग्राम दाल तथा 875 ग्राम सोयाबीन दिए जाने का प्रावधान हैं। वहीं गर्भवती व धातृ महिला को तीन किलो 500 ग्राम चावल, एक किलो 500 ग्राम दाल तथा 450 ग्राम सोयाबीन दिया जाता है। इस मौके एलएस संयोगिता कुमारी, करुणा श्रीवास्तव, विनय कृति, नीलम कुमारी आदि उपस्थित थे।